# बैसाखी पर्व पर बच्चों ने प्रस्तुति से बांधा समां



## एमएस स्कूल में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को नगर के एम एस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। स्कूल परिसर में सुबह से ही त्योहार जैसा माहौल नजर आया। छोटे-छोटे बच्चे पंजाब और हरियाणा की पारंपरिक वेशभूषा में सजकर पहुंचे, जिन्हें देखकर हर कोई खुश हो उठा।

कार्यक्रम के दौरान बड़े बच्चों ने मंच पर बोलियां और गिद्दा की शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। उनकी अदाएं, ताल और उत्साह ने वहां मौजूद बच्चों, अध्यापकों, प्रधानाचार्य और प्रबंधक का दिल जीत लिया। प्रस्तुति के दौरान पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंजली चौधरी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और त्योहारों से जोड़ते हैं। बैसाखी जैसे पर्व मेहनत, खुशहाली और नई उम्मीद का संदेश देते हैं। प्रबंधक वीरेश पाल सिंह ने कहा कि विद्यालय बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी सांस्कृतिक प्रतिभा को भी मंच देने का काम करता है। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। निर्देशिका बबीता चौधरी ने कहा कि बच्चों ने पूरे मन से तैयारी कर बहुत सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को बैसाखी पर्व का महत्व बताया गया और उत्साह के साथ पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान उप-प्रधानाचार्य- राजेंद्र कुमार, युगल किशोर, शिवांगी, अल्का, संतोष, संजू, छवि, प्रिया, चंचल, सिमरन, कृति की मेहनत एवं अन्य शिक्षक की उपस्थति में त्योहार को उत्साह पूर्वक मनाया गया।

# बॉलीवुड ग्लैमर का शानदार आयोजन

## स्पार्कल लेडिज क्लब का कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्पार्कल लेडीज क्लब ऑफ अमरोहा द्वारा बॉलीवुड थीम पर भव्य कार्यक्रम बॉलीवुड ग्लैमर का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रैंप वॉक, डांस व तंबोला मुख्य आकर्षण रहे।

स्पार्कल क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे फिल्मी जगत की झलक, ग्लैमर और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिला। जिसने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। रैंप वॉक में क्लब की सभी सदस्य बॉलीवुड अभिनेत्रियों के गेटअप में नजर आई। रेखा, जीनत, अमान, मुमताज, माधुरी दीक्षित, हुमा कुरैशी और श्रीदेवी के जैसे लोक. प्रिय किरदारों में सजी।रुनझुन अग्रवाल द्वारा बॉलीवुड थीम पर तंबोला खेला गया। शालिनी व अदिति ने फिल्मी अंदाज में सर्प्राइज कर रोमांच का तड़का लगाया। इस अवसर पर एडिटर ज्योति माहेश्वरी, नविता, सुची, योगेश मालीवाल, स्वीटी गुरुदिता, सोनिया, आकांक्षी जैन, आयुषी अग्रवाल, गौरी गुप्ता, प्रिया, साक्षी, प्रियंका, नैना गुप्ता, कविता, युक्ति मदान मौजूद रही।

# जांच में वैध पाये गये सभी नामांकन

## जनपद बार एसोसिएशन का चुनाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बार एसोसिएशन चुनाव में दाखिल गये सभी सभी नामांन पत्र वैध पाये गये।

जिले में बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान 21 अप्रैल को होना है। जिसमें 12 पदों के लिए 57 अधिवक्ता किस्मत आजमाने उतरे हैं। मतगणना 22 अप्रैल को होगी। बार चुनाव इस बार प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला होने के आसार दिख रहे हैं। अध्यक्ष और सचिव पद के लिए सबसे ज्यादा घमासान है। दोनों पदों के लिए छह-छह प्रत्याशी ताल ठोंके हुए हैं। अध्यक्ष पद पर चौन सुख गोले, कपिल कुमार चिकारा, आदिश खान सैफी, संजय कुमार शर्मा, अख्तर हुसैन और महाराज सिंह मैदान में डटे हैं तो वहीं सचिव के लिए भी छह प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की है। इनमें अरशद भारती, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र सिंह, फारूक अहमद, विशाल कुमार शर्मा और निरंकार सिंह शामिल हैं। सोमवार को कचहरी परिसर में नामांकन पत्रों की जांच का कार्य किया गया, जांच में सभी नामांकन वैध पाए गए। इसके बाद अब निगाहें 15 अप्रैल को होने वाली नाम वापसी पर टिक गई हैं, इसके बाद ही चुनाव की तस्वीर साफ हो पाएगी। प्रत्याशियों ने चैंबरों पर जाकर 21 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपने पक्ष में वोट की अपील की। दूसरी तरफ अधिवक्ताओं की गोपनीय बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। प्रत्याशियों का पूरा जोर युवा अधिवक्ताओं का अपनी तरफ मोड़ने पर है। जबकि कचहरी परिसर में दिनभर अधिवक्ताओं के बीच चुनाव की चर्चा चलती रही।

## अम्बेडकर जयंती से पहले प्रतिमा स्थल की सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से पहले सोमवार को ग्राम कमालपुर में निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा और स्थल की साफ-सफाई कराई। इसके बाद सभी ने संविधान शिल्पकार बाबा साहब को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। राजेश सैनी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में समानता और शिक्षा का संदेश मजबूत होगा। इस दौरान कुबेर सैनी जिला अध्यक्ष ग्राम रोजगार सेवक संघ, सौरभ सैनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा धनौरा, रामकिशोर, शिवलाल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## मजलिस ने विधानसभा कमेटी का किया गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने विधानसभा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन में युवाओं को जिम्मेदारी देकर जोश भर दिया है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम युवा कार्यकर्ताओं को संगठन में पद देकर उन्हें जिम्मेदारियां सौंप दी गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं हापुड़ व बिजनौर के प्रभारी हाजी शहजाद खान एडवोकेट ने कहा कि मुख्य उद्देश्य आगामी चुनौतियों को देखते हुए विधानसभा स्तर पर संगठन को मजबूती देना और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपना था। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाये। विधानसभा अध्यक्ष छुन्नन अल्वी ने संगठन का विस्तार करते हुए आदिल मलिक को विधानसभा उपाध्यक्ष, मोहम्मद शाहिद अंसारी, दिलशाद चौधरी व कदीर कुरैशी को महासचिव मनोनीत किया गया। रऊफ मालिक व अय्यूब सलमानी को संयुक्त सचिव बनाया गया। अकरम रजा को कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष छुन्नन ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकत है। इस दौरान पदाधिकारियो का फूल मालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर हाफिज आसिफ, डॉ. वकार चौधरी, गुड्डू जफर, शाहवेज सलमानी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गाँव सुल्तानठेर में स्थित संविलियन विद्यालय में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो वहीं वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया।

### बच्चों को साईकिल प्रदान करके बढ़ाया हौंसला



सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता और विद्यालय की इंचार्ज ज्योति चौधरी ने राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति में उत्तीर्ण बच्चों को साइकिल देकर पुरस्कृत किया। कक्षा में प्रथम और द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र एवं छात्राओं को भी पुरुस्कार दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और देख-रेख अच्छी देखकर काफी प्रशंसा की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में कम अंक प्राप्त करने वाले बच्चे हताश न हों और अग्रिम कक्षाओं में जीतोड़ मेहनत करें। चार्ज ज्योति चौधरी ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये पूरा स्टॉफ प्रयत्नशील है। इस अवसर पर डॉ.जितेन्द्र सागर, पवनेश, अभय यादव, अमित राणा, अमिताभ राणा, किशन लाल आदि समेत अनेकों अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# गैस की किल्लत से निजात दिलाने की मांग

## राष्ट्र सेवी संगठन ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राष्ट्र सेवी संगठन ने गैस की किल्लत को लेकर नारे बाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया है। गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से रसोई गैस की भारी किल्लत बनी हुई है। जिससे आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। सुबह होते ही लोग अपने खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी के बाहर कतारों में लग जाते हैं। लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी अधिकांश लोगों को खाली हाथ ही घर लौटना पड़ रहा है। जबके हसनपुर गैस के कार्यालय पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें कड़ाके की धूप और अपनी बारी के इंतजार में लग जाती हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्टॉक कम होने का फायदा उठाकर कुछ लोग ऊंचे दामों पर सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहे हैं। राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार शर्मा ने कहा कि यदि गैस की किल्लत में सुधार नहीं किया गया तो संगठन धरना प्रदर्शन करने को मध्य होगा। इस अवसर पर आशा पाल महेंद्र सैनी पुत्र विकास देवेंद्र सैनी कुलदीप सिंह आदि मौजूद थे।

## आफताब की याद में फ्री मेडिकल कैम्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** फ्री मेडिकल कैंप में दो सौ मरीजों की नि:शुल्क चिकित्सा जांच कर उन्हें दवाई दी गई। सोमवार को मोहल्ला बेगमसराय मे मरहूम पूर्व सभासद डॉ.आफताब की याद में एक नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत मुफ्ती जाहिद की दुआ से हुई। वेंकटेश्वर अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बीपी, शुगर, इसीजी, हृदय रोग, हड्डी रोग के करीब 200 मरीजों की फ्री जांच कर उन्हें उन्हें दवाई दी गई। पूर्व सभासद के पुत्र सभासद आमिर आफताब ने कहा कि यह खिदमत का जज्बा उन्हें अपने वालिद से विरासत में मिला है। वालिद की नक्शेकदम पर चलकर वह आगे भी आवाम की खिदमत करते रहेंगे। इस मोके पर अनस आफताब, नासिर अली, शाहजेब आफताब, अरशद फैजी, कौसर अब्बासी, जाबिर मंसूरी, नईम मलिक, मोहम्मद अहमद जैदी, मोनू कुरैशी व मौहम्मद जावेद आदि मौजूद रहे।

## सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठाने की फिराक में समाजवादी पार्टी

# प्रमुख राजनीतिक दलों में गुटबाजी चरम सीमा पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** विधानसभा चुनाव में अब एक साल से भी कम समय बचा है। इस सबके बावजूद तमाम प्रमुख राजनीतिक दल गुटबाजी के शिकार हैं। जिस कारण प्रत्याशी चयन में राजनीतिक दलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मार्च 2027 में विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव में अब एक साल से भी कम का समय बचा है। परन्तु सभी प्रमुख राजनीतिक दल इस समय गुटबाजी के शिकार हैं। सत्तारूढ पार्टी भाजपा भी इससे अछूती नहीं है। केन्द्र में 12 तथा प्रदेश की सत्ता पर नौ साल से काबिज भाजपा को गुटबाजी के अलावा सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ रहा है। 2017 के चुनाव में भाजपा ने नौगांवा, मंडी धनौरा व हसनपुर विधानसभा की सीटों पर कब्जा जमाया था जबकि 2022 में सपा ने नौगांवा सीट भाजपा से छीन ली थी। उधर मंडी धनौरा में भाजपा का जीत का अंतर भी घटा था। हसनपुर व धनौरा में भाजपा के विधायक होने के बावजूद पार्टी कई अन्य नेता भी यहां से टिकिट की दावेदारी जता रहे हैं जबकि नौगांवा विधानसभा में भी पार्टी के कई नेता टिकिट मांग रहे हैं। जैसे जैसे चुनाव का समय करीब आ रहा है भाजपा में गुटबाजी बढ़ रही है। प्रमुख विपक्षी दल सपा भी इससे अछूती नही है। 2012 के विधानसभा चुनाव में सपा ने चारों सीटों पर कब्जा जमाया था। 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में सपा से भाजपा ने तीन सीटे छीन ली थीं। जबकि 2022 में भाजपा व सपा को दो-दो विधानसभा सीटों पर संतोष करना पड़ा था। नौगांवा में सपा का विधायक होने के बावजूद यहां आधा दर्जन से अधिक नेता टिकिट की दावेदारी जता रहे हैं। यही हाल धनौरा व हसनपुर विधानसभा में भी है। यहां भी आधा-आधा दर्जन नेता सपा से टिकिट की दौड़ में शामिल हैं। जिले में बसपा की हालत पतली है। 2007 में बसपा ने हसनपुर सीट पर कब्जा जमाया था। उसके बाद हुए 2012, 2017 व 2022 के चुनाव में जिले में बसपा का खाता भी नहीं खुला। चुनाव में बसपा प्रत्याशियों की जमानते भी जब्त हो गयीं। दरअसल दलित वोट के बसपा से छिटकने से पार्टी लगातार कमजोर हो रही है। कांग्रेस की हालत जिले में सबसे ज्यादा खराब है। 2022 के चुनाव में कांग्रेस को तीन सीटों पर जमानत जब्त हो गयी थीं। जबकि अमरोहा में कांग्रेस प्रत्याशी सपा की गोद में जाकर बैठ गया था। आसपा पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी रही है जबकि एमआईएम को जिले में मजबूत प्रत्याशियों की तलाश है। सभी दलों के लिए गुटबाजी चिंता का कारण है। हाईकमान पार्टी में गुटबाजी दूर करने के लिए गंभीर नहीं है।

# फैमिली आईडी की धीमी प्रगति से डीएम खफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराए जाएं और उसके अगले सप्ताह में सोलर संयंत्र लगाने का कार्य तेजी से पूरा किया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना, जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम और कैच द रेन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में योजनाओं की धीमी प्रगति और विभागीय लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैंक और विद्युत विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फैमिली आईडी बनाने की धीमी प्रगति पर भी जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया और निर्देश दिए कि शि. विर लगाकर अधिक से अधिक परिवारों की आईडी बनाई जाए। इसके साथ ही कैच द रेन अभियान के अंतर्गत जल संचय जनभागीदारी पोर्टल की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि चिन्हित स्थलों पर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जाए और सभी पूर्ण कार्यों को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। बैठक में सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, एडीएम मसीहा नजम, सीएमओ, पीडीडीआरडीए, अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने पांच वारंटियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से वांछित चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश देकर इन्हें दबोच लिया। पकड़े गये आरोपी कोर्ट में पेश न होने के कारण वारंटी घोषित थे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने सहुद पुत्र गफूर गांव शाहपुर कला, बाबूराम उर्फ सुरेंद्र पुत्र रामफूल गंगा चोली, नईम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मोहल्ला होली वाला नेमचंद पुत्र हाली निवासी रुखालू को अरेस्ट कर कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

# डॉ.आंबेडकर पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.आंबेडकर पार्क और प्रतिमाओं की साफ सफाई की और 14 अप्रैल को डॉ.आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया।

बता दें कि मंगलवार को देश भर में भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती की पूर्व संध्या पर विधायक राजीव तरारा ने गजरौला मंडल अंतर्गत ग्राम सलेमपुर गौसाई, ढकिया भूड़ व धनौरा नगर स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क पार्क में सफाई

### विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने किया नेतृत्व

अभियान चलाया हुए प्रतिमाओं की सफाई की। विधायक ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सतपाल पाल, कपिल भड़ाना, भारत सिंह, हितेश कुमार, जयदेव नगर, रोहित चौहान, पवन, निहार त्यागी, अमन, विनोद, अक्षय, सुरेंद्र सिंह, चरण सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रशांत आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के चौपला स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में ब्लॉक



प्रमुख मीनाक्षी चौधरी के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव, मनमोहन सिंह सेन, लोकेश कुमार, विवेक सागर, महिपाल चौहान, होशियार सिंह, वीर सिंह सैनी, जोगिंदर सिंह, दयाचंद आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर 21 को कलेक्ट्रेट में गरजेंगे पेंशनर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में 21 अप्रैल को मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में होने वाले धरने प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।

सोमवार को पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई जिसमें वक्ताओं ने कहा कि 21 अप्रैल को शहीद पार्क कलेक्ट्रेट पर देशव्यापी धरना प्रदर्शन 11 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा और 2 बजे जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में इस धरना प्रदर्शन में पेंशनर्स उपस्थित होंगे और कार्यक्रम को



सफल बनाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन में 10 मांगें शामिल है जिनमें वित्त विधेयक 2025 वापस लेने,आठवें वेतन आयोग का लाभ देने,65,70, 75 और 80 वर्ष पर 5,10, 15 और 20% पेंशन वृद्धि करने, कोरोना अवधि का 18 माह का मंहगाई राहत एरियर भुगतान करने, सीनियर सिटीजन की बंद की सुविधाएं पुन: चालू करने आदि प्रमुख मांगो शामिल है। बैठक में अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल, शिवेंद्र सिंह चिकारा, राजेंद्र सिंह राणा, शिशुपाल सिंह, अमीपाल सिंह, श्योनाथ सिंह प्रजापति जी, विपिन त्यागी आदि मौजूद रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा बेटा हैदर अली गलत संगत में पड़ गया है। जिस कारण मैं व मेरे परिवार ने उससे सभी तरह के संबंध समाप्त कर लिये हैं। उसके द्वारा किये गये किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। मैं उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

मौहम्मद महमूद पुत्र मौहम्मद अली निवासी हफ्ता बाजार कस्बा नौगांवा सादात जिला अमरोहा।

# जैथल मुस्तकम में अम्बेडकर मूर्ति लगाने का विवाद

## प्रधान के घर पर रखवायी गयी मूर्ति, जयंती से एक दिन पहले तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र के गांव जैथल मुसतकम में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से एक दिन पहले प्रतिमा रखे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सुबह होते ही गांव में माहौल गरमा गया और सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। हालात की नजाकत को देखते हुए एसडीएम शैलेष दुबे, सीओ अंजलि कटारिया, थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह समेत तमाम अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और दिनभर गांव में डेरा डाले रहे।

बताया जा रहा है कि गांव में कुछ लोगों ने रात के समय बिना प्रशासन को सूचना दिए भूपेंद्र यादव के नाम दर्ज भूमिधरी गाटा संख्या की जमीन पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा रख दी। सुबह जानकारी होने पर जमीन स्वामी पक्ष ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद बढ़ने की खबर मिलते ही प्रशासनिक काफिला गांव



पहुंच गया। एसडीएम शैलेष दुबे ने दोनों पक्षों से अलग-अलग वार्ता की। अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी भी निजी, सार्वजनिक या विवादित जमीन पर बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करना कानूनन गलत है। कई घंटे चली बात. चीत और समझाइश के बाद दोनों पक्षों में सहमति बन सकी।प्रशासन की मौजूदगी में प्रतिमा को फिलहाल ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर उनके आवास पर सुरक्षित रखवा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गांव में गाटा संख्या 343 अंबेडकर पार्क के नाम से पहले से सुरक्षित भूमि उपलब्ध है, भविष्य में नियमानुसार वहीं प्रतिमा स्थापना पर विचार किया जा सकता है। तनाव को देखते हुए गांव में एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस टीम के साथ देर शाम तक गांव में मौजूद रहे। एसडीएम शैलेष दुबे ने बताया कि मामला पूरी तरह शांत है और दोनों पक्षों को हिदायत दी गई है कि आगे कोई भी कदम प्रशासनिक अनुमति के बाद ही उठाया जाए।

# भीड़ के गुस्से का शिकार हुए सीओ-कोतवाल



## गैर सम्प्रदाय के युवक के साथ युवती के फरार होने का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गैर संप्रदाय के युवक द्वारा युवती का भगाकर ले जाने का मामला सोमवार को तूल पकड़ गया। देहात थाना पुलिस के खिलाफ सोमवार को नन्हेड़ा चौकी क्षेत्र में जुटी पंचायत में पहुंचे सीओ व कोतवाल को भीड़ के गुस्से का शिकार होना पड़ा। गुस्साए लोगों ने 15 अप्रैल तक युवती को बरामद नहीं किए जाने पर एसपी ऑफिस का घेराव करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवती बीते दिनों अचानक लापता हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी गांव का रहने वाला गैर संप्रदाय का युवक उसे अपहरण कर ले गया है। परिजनों का ये भी आरोप है धर्म परिवर्तन और तंत्र-मंत्र से उसने युवती का दिमाग असंतुलित कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो युवती को बरामद किया है और न ही आरोपी को गिरफ्तार कर सकी है।परिजनों की ओर से पुलिस पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया जा रहा है। इसी संबंध में सोमवार को नन्हेड़ा चौकी क्षेत्र में पंचायत बुलाई गई। जिसमें कई गांवों के लोग शामिल हुए। उन्होंने पुलिस पर मामले में ठोस कार्रवाई न करने और ढिलाई बरतने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंचे सीओ अवधभान सिंह भदौरिया व कोतवाल शौकेंद्र बालियान की मौजूदगी में नाराजगी जताई। सीओ ने जल्द युवती को बरामद करने का आश्वासन देकर गुस्सा शांत किया। ग्रामीणों ने 15 अप्रैल तक युवती को बरामद नहीं करने पर एसपी ऑफिस का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतवानी दी। स्पष्ट कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस-प्रशासन की होगी।

# क्रेन की टक्कर से मजदूर की मौत

## गांधी मूर्ति के समीप हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**अमरोहा**। क्रेन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। क्रेन का पहिया सर के ऊपर से उतर गया जिसे देखकर राहगीरों की रूह कांप गई। लोगो ने चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने क्रेन चालक का चालान कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

हादसा रात साढ़े आठ बजे करीब जीआईसी गेट से कुछ दूरी पर हुआ। जय ओम नगर निवासी हरीश (42) रोजमर्रा की मजदूरी कर परिवार की आजीविका चलाते थे। बीती रात हरीश किसी काम से बाइक पर सवार होकर जोया जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जीआईसी गेट से टीपी नगर चौराहे की तरफ थोड़ा आगे बढ़ी, उसी दौरान पीछे से आ रही क्रेन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हरीश हवा में उछलकर दूर जा गिर और क्रेन के पहिए ने सर कुचल दिया। हादसे में उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया मृतक के बेटे अभिषेक प्रजापति की तहरीर पर रिर्पोट दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक का चालान कर दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया

# बिना अनुमति के अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित की

## प्रतिमा न हटाने की मांग को पुलिस से भिड़ी महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी**। थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ ग्रामीणों ने सत्ता से जुड़े लोगों के इशारों पर बिना प्रशासन की अनुमति के रातों-रात डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी। सुबह होने पर ग्रामीणों को पता लगने के बाद उन्होंने इसका विरोध किया। जिसके बाद गांव में जातीय संघर्ष की स्थिति को भापतें हुए उप

**■ चार साल पहले भी प्रतिमा लगाने को लेकर गांव में हुआ था बवाल**

जिलाधिकारी हसनपुर हिमांशु उपाध्याय तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी सर्किल की फोर्स के साथ गांव में पहुंच गए।



मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेबडा मुस्तकम का है। गांव में एक जाति से जुड़े कुछ लोगों ने गांव से पश्चिम में शहबाजपुर गुर्जर को जाने वाले मार्ग पर अंबेडकर पार्क में बिना प्रशासन की अनुमति के रविवार देर रात बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। सुबह होने पर दूसरी जाति के ग्रामीणों को इसका पता लगा तो उन्होंने प्रशासन को इसकी जानकारी दी। क्योंकि मामला दो अलग-अलग जातियों से जुड़ा था। सूचना पाकर उप जिलाधिकारी हसनपुर हिमांशु उपाध्याय, नायब तहसीलदार मनोज कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर मय पुलिस फोर्स के गांव में पहुंच गए। प्रशासन के गांव में पहुंचने की जानकारी के बाद शरारती तत्व गांव से फरार हो गए तथा महिलाओं को आगे कर दिया। प्रशासन ने जब बिना अनुमति के प्रतिमा हटाने का प्रयास किया तो प्रतिमा लगाने के समर्थक पुलिस से नोकझोंक करने लगे। पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य चंद्रपाल सिंह खड़गवंशी ने महिलाओं को अनुमति न होने का हवाला देते हुए समझाने का प्रयास किया। आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल उपाध्यक्ष मोनू सागर भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी प्रतिमा को हटाने का प्रयास कर रहे थे जबकि महिलाएं प्रतिमा न हटाने की जिद पर अड़ी थीं। थाना प्रभारी रहरा अखिलेश प्रधान ने बताया कि जेबडा मुस्तकम के कुछ ग्रामीणों ने रविवार देर रात बगैर अनुमति के डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित कर दी। 4 वर्ष पहले भी गांव में ऐसा ही एक बवाल हुआ था। शरारती तत्व मौके से फरार हो गए हैं। बगैर अनुमति के मूर्ति स्थापित करना गलत है।

## एक नजर

### जीएमएस में श्रद्धा से मनी अम्बेडकर जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर**। जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर शिक्षकगण व छात्र-छात्राओं ने अंबेडकर के विचारों को अपनाने और समाज में समानता व शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। चेयरमैन शाहनवाज अली और ग्रुप निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने उनके जीवन को प्रेरणादायक बताते हुए शिक्षा और अधिकारों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्टाफ और छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे आयोजन प्रेरणादायक बन गया। अंत में योगदान देने वालों में डॉ. आफरीन, डॉ. अनीस, शालिनी, सोरन, नेहा, शिवाली, मोनिका, यशवीर, स्वाति, वैष्णवी और रश्मि सहित समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# कॉटन वेस्ट इकाईयों से पालिका ने लिये नमूने

## छापेमारी से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। पालिका टीम ने काटन वेस्ट इकाईयों में खतरनाक केमिकल के इस्तेमाल से हो रहे जल प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए पानी के सैंपल एकत्र किए। यहां छापेमारी से हड़कम्प की स्थिति बनी रही।



टीम ने तकिया मोती शाह, कल्याणपुरा रोड और पंजू सराय क्षेत्रों में संचालित कॉटन वेस्ट इकाइयों पर एक साथ छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व भी इन इकाइयों को ध्वस्त किया गया था, बावजूद इसके दोबारा संचालन किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा इन प्रतिबंधित गतिविधियों में संलिप्त लोगों का ब्यौरा जुटाया जा रहा है और जल्द ही विस्तृत आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के सुभाष चंद्र व अजीत कुमार, उपायुक्त उद्योग, फील्ड ऑफिसर डीआईसी अमरोहा, अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, डीपीएम नदीम अख्तर, राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा और मोहित चौहान सहित नगर पालिका अमरोहा की टीम शामिल रही।

# ट्रक की टक्कर से हाइवे पर पलटी डीसीएम

## ट्रक चालक व क्लीनर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के नेशनल हाईवे 9 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक खड़ी डीसीएम में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक जा घुसा, जिससे डीसीएम डिवाइडर पर पलट गई। हादसे में ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे होटल उद्दपीवाला और अतरासी के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रहा एक ट्रक, कपड़ों से लदी खड़ी डीसीएम में पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और डीसीएम डिवाइडर पर जा पलटी। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई और नेशनल हाईवे पर यातायात भी बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया, जिसके बाद यातायात सुचारु रूप से बहाल हो सका। रजबपुर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस इस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर रही है और जांच जारी है।

### अवैध आरामशीन पर वन विभाग का छापा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। हस्तिनापुर सेंचुरी क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटान और आरा मशीनों के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। तहसील क्षेत्र के गांव ढयौटी में वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से चल रही एक आरा मशीन को बंद करा दिया। टीम ने मशीन का मुख्य व्हील उतारकर कब्जे में ले लिया। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह आरा मशीन गांव के प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूल के ठीक सामने लंबे समय से संचालित हो रही थी। गांव सेंचुरी क्षेत्र में आता है और जंगल से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है। इसके बावजूद यहां खुलेआम लकड़ियों का कटान और खरीद-फरोख्त हो रही थी। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि लंबे समय से यह काम कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से चल रहा था।

# चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिस कर्मी सस्पेंड

## 24 घंटे युवक को हिरासत में रखने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने अनुशासनहीनता और दुर्व्यवहार के आरोप में तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र की भूड़ चौकी के प्रभारी भी शामिल हैं। निलंबित किए गए पुलिस कर्मियों में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल मो. मिन अली और हेड कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल हैं। इन सभी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 115/26 से जुड़े एक मामले के बाद की गई है। आरोप है कि 10 अप्रैल को एक नामित अभियुक्त के पुत्र को बिना किसी वैधानिक आधार के चौकी लाया गया। उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उच्च अधिकारियों को सूचना दिए बिना उसे अनाधिकृत रूप से चौकी पर रखा गया। प्रारंभिक जांच में यह कृत्य घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला पाया गया। इसके बाद उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल मोमिन अली और हेड कांस्टेबल संदीप कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं। एसपी लखन सिंह यादव ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# निजी स्कूलों की लूट खसोट पर रोक लगे

## सपा छात्र सभा ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ कलेक्ट्रेट जमकर नारेबाजी की। अधिक फीस वसूलने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा।



सोमवार को सपा छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने छात्र सभा का एक ही नारा शिक्षा पर नहीं चलेगा धंधा सारा, डीएम साहिबा ध्यान दे शिक्षा पर लूट बंद कराओ स्लोगन लिखे पोस्टर हाथो में लेकर कलेक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी की। डीएम निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली जा रही है। कमिशन के चक्कर में एक ही दुकान से किताबें और कॉपियां खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है,जबकि स्कूलों में एडमिशन फीस, वार्षिक शुल्क,स्मार्ट क्लास के नाम पर अनावश्यक चार्ज वसूल कर अभिभावकों की जेब काटी जा रही है। छात्रों ने जांच कराकर ऐसे विद्यालयों के खिलाफ करवाई की मांग की।चेतावनी दी अगर अवैध शुल्क वसूली करने वाले स्कूलों के खिलाफ करवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन करने वालो में जिलाध्यक्ष अनुज त्यागी, जाहिद, सुनील, मो. हित, मयंक, मोहम्मद आमिर, गुड्डू प्रधान, माजिद, जीशान, नूर आलम, सचिन, दीपेंद्र, शुभंभ, कमल व नितिन शामिल रहे।













